हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 समर्पण दिवस पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि ...



10 एनएच सहित शहर के उद्यानों की दशा सुधारने बनी कार्ययोजना





## खबर संक्षेप

### घर के सामने पानी बहाने पर विवाद, पड़ोसी दंपति से मारपीट



**बालोद।** घर के सामने गली में पानी बहाने से नाराज दंपत्ति ने पड़ोसी की पिटाई कर दी। जिसके बाद पड़ोसी दंपत्ति ने मारपीट करने वाले दंपत्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम मनकी निवासी कमला बाई सिन्हा ने पुलिस को बताया कि 07 फरवरी के रात्रि करीबन 07 बजे मैं घर के अन्दर थी, तभी हमारे पड़ोस मे रहने वाले चैतराम ठाकुर व अमरिका बाई दोनो मेरा व मेरे पति के नाम को पुकार कर गाली गलौज दे रहे थे, तब मैं घर से बाहर निकल कर चैतराम ठाकुर व उसकी पत्नी अमरिका बाई ठाकुर को बोली कि तुम हमे गाली गलौज क्यो दे रहे हो कहने पर अमरिका बाई एवं चैतराम ठाकुर के द्वारा तुम लोग अपने घर का पानी को हमारे घर के पास मे जमा करते हो कहते हुये मारने की धमकी देते हुए चैत राम ठाकुर अपने हाथ में रखे बांस के डण्डा से मारपीट करने से मेरे सिर पर चोट लगा है। खून निकल रहा है दर्द हो रहा है।

### जस झांकी ग्राम मटिया में कल होगा

**अंडा।** महाशिवरात्रि के पूर्व ग्राम मटिया (अ) में 13 फरवरी शुक्रवार को शाम 7 बजे दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी पटपर का कार्यक्रम रखा गया है कार्यक्रम की जानकारी हेमशंकर चौधरी, सतीश साहू और लोकेंद्र साहू ने दिया। कार्यक्रम में शामिल होने आसपास गांव सहित जनमानस को आमंत्रित करते पंचायत प्रतिनिधि पंकज चौधरी ने आव्हान किया है।

### पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में 1989 बैच का मिलन समारोह कल

**गुरूर।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय गुरुर में प्रथम सत्र 1989–90 के प्रथम बैच के छात्रओं एवं शिक्षकों का मिलन समारोह 13 फरवरी शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक रखा गया है। जिसके मुख्य अतिथि प्रथम प्रभारी प्राचार्य भईया राम देवान होंगे। अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्राचार्य कांति पौशर्य करेंगे। विशेष अतिथि अध्यक्ष एवं समस्त पार्षद नगर पंचायत गुरुर, अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य गण शाला प्रबंधन एवं विकास समिति पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय गुरुर, सेवा निवृत्त प्रधान पाठक तुलसी राम गंजीर, सेवा निवृत्त प्रधान पाठक लूदुराम ठाकुर, सेवा निवृत्त व्याख्याता कलीराम यादव, सेवा निवृत्त शिक्षिका लीला पंचगाम, सेवा निवृत्त व्याख्याता कामिनी पतंगिवार, सेवा निवृत्त व्याख्याता एस कोमिया एवं सत्र 1989–90 प्रथम बैच के समस्त छात्राएं उपस्थित रहेंगे।

# मां गंगा मैया पावन धाम में दो दिनी दिव्य गौ कथा आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दो दिवसीय दिव्य गौ कथा का आयोजन 12 एवं 13 फरवरी को जिले की तीर्थ मां गंगा मैया पावन धाम में आयोजित की गई है। गो कथा वाचक स्वामी गोपालानंद की कृपा पात्र शिष्य स्वामी भरत जी महाराज पथमेड़ा राजस्थान होंगे। कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 और 3 से 5 के समय में दो सत्रें में आयोजित होगी।

संगीत संयोजन गुरु कृपा बल संस्कार मानस परिवार संस्कार परिसर बालोद की होगी। इस संगीत मय आयोजन में सभी सनातनी, गोभक्त, गौ रक्षक एवं पंचगव्य चिकित्सक एवं श्रद्धालु जन शामिल होंगे। क्षेत्र में गौ कथा का यह पहला आयोजन है। इस कार्यक्रम में गौ सम्मान आह्वान अभियान की विस्तृत चर्चा भी स्वामी जी गो पीठ से करेंगे।

कथा समापन अवसर पर मुख्य अतिथि गौ विज्ञान परीक्षा प्रांत प्रमुख सुबोध राठी होंगे, अध्यक्षता उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू करेंगे। विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष बालोद प्रतिभा चौधरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष बालोद कमलेश सोनी, योग शिक्षक एवं समाज सेवक रवि पांडे, सरपंच झलमला चुम्मन ठाकुर के विशेष आतिथ्य एवं स्वामी भारत की महाराज के सानिध्य में क्षेत्र के सनातनी कार्यकर्ता, गौ रक्षक, गौ भक्त, गोपालक एवं ▶▶| शेष पेज 10 पर

## पंचमहाभूत पूजा से होगी कार्यक्रम की शुरुआत

**खास बातें**

- गो विज्ञान एवं पंचगव्य चिकित्सा पर मिलेगा विशेष मार्गदर्शन
- गौ सम्मान आह्वान अभियान पर होगा विशेष मार्गदर्शन





### गौमाता का संरक्षण जरूरी

प्रसिद्ध समाजसेवी, मानस प्रवक्ता पंचगव्य सिद्ध डॉक्टर पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा गौ माता की महिमा एवं मानव जीवन में गौ माता की माहिती उपयोगिता को स्थापित करने का एक संयुक्त सामाजिक प्रयास है क्योंकि वर्तमान में गौ माता की स्थिति काफी दयानीय एवं चिंतनीय है, जनमानस को इन विषयों पर गंभीर चिंतन करना चाहिए, नहीं तो हम सबको आने वाले दिनों में भयानक दूर्दिन देखना और विकट समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, अगर हमने इन विषयों पर ध्यान नहीं दिया तो हमारी सनातन संस्कृति और पर्यावरण पर स्थिति निर्मित हो रहे एवं उससे होने वाले नुकसन से हमें कोई नहीं बचा पाएगा। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रांत ▶▶| शेष पेज 10 पर

## कार्रवाई : बिना अनुमति संचालित आरा मशीनों पर गिरी गाज

# वन विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, छह अवैध आरा मिलों को किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वन विभाग बालोद द्वारा आरा मिलों के खिलाफ सख्त और प्रभावी कार्रवाई करते हुए वन परिक्षेत्र डौंडीलोहारा क्षेत्र में बड़ा अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य वन क्षेत्रों की सुरक्षा, अवैध कटाई पर रोक और शासन के वन संरक्षण नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना रहा।

- अवैध गतिविधियों की सूचना देने वन विभाग की अपील

प्रकरण दर्ज, विवेचना प्रारंभ संबंधित आरा मिल संचालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विधिवत विवेचना (जांच प्रक्रिया) प्रारंभ कर दी गई है। जांच के दौरान दस्तावेजों की सत्यता, लकड़ी के स्त्रोत, परिवहन प्रक्रिया एवं वन संपदा को हुई क्षति का आकलन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि "शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि वन क्षेत्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। 10 किलोमीटर परिधि नियम का उल्लंघन करने वाली किसी भी आरा मिल को बख्शा नहीं जाएगा। यह कार्रवाई सिर्फ शुरुआत है। जिले में संचालित सभी आरा मिलों का सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। अवैध संचालन, लकड़ी तस्करी और वन संपदा के दोहन पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। शासन की मंशा स्पष्ट है। वन बचेगा, तभी भविष्य बचेगा। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि शासन की जीरो टारलेंस पालिसी के तहत अवैध कटाई, लकड़ी तस्करी और अवैध आरा मिल संचालन पर कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

यह अभियान वन संपदा, जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिला वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध कटाई, लकड़ी तस्करी या अवैध आरा मिल संचालन की जानकारी मिले, तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें। जनसहयोग से ही वन संरक्षण संभव है। इसी उद्देश्य से यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। यह कार्रवाई न केवल कानून के पालन का उदाहरण है, बल्कि शासन की पर्यावरण-संरक्षण नीति को ज़मीन पर उतारने का एक सशक्त संदेश भी है।



### 10 किमी की परिधि में नियम का सख्त पालन

शासन के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के अनुसार, किसी भी वन क्षेत्र की सीमा से 10 किलोमीटर की हवाई दूरी की परिधि के भीतर बिना वैध अनुमति के आरा मिल का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसी नियम के तहत कार्रवाई करते हुए, परिधि क्षेत्र में संचालित 6 अवैध आरा मशीनों को चिन्हित कर मौके पर ही सील कर दिया गया। यह पूरी कार्रवाई भारतीय वन अधिनियम, वन संरक्षण अधिनियम, तथा राज्य शासन के वन एवं पर्यावरण संरक्षण नियमों के अंतर्गत की गई है। नियमों के अनुसार बिना पंजीकरण, अनुमति एवं वैध दस्तावेजों के आरा मिल का संचालन दंडनीय अपराध है।

# कर्मचारियों ने किया एक दिवसीय हड़ताल का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लाइज यूनियन के आह्वान पर रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्प्लाइज यूनियन इकाई दल्लीराजहरा द्वारा 12 फरवरी 2026 को एकदिवसीय हड़ताल का ऐलान किया गया है। इस हड़ताल में यूनियन के सभी सदस्य शामिल रहेंगे, जिसके चलते बीमा कार्यालय पूरी तरह बंद रहेगा और आम जनता को बीमा सेवाओं से वंचित रहना पड़ेगा।

- ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लाइज यूनियन के आह्वान पर 12 फरवरी को रहेगा पूर्ण कार्य बहिष्कार

### हड़ताल में शामिल प्रमुख सदस्य

हड़ताल में शामिल सदस्यों में अनिल रामटेके, एस. के. जी. मन्नतकर, रवि वैलेधिया, अजय कुमार, सी. बी. वर्मा, डी. आर. सोरी, मदन सिंह, महावीर सिंह कुर्रे, अरविंद कुमार, सुर राज कुमार, एम. आर. ठाकुर, टोमन गजट्टी, मुकेश बार्ले, ओम प्रकाश देवांगन, एम. आर. तालेले, बिमा सोनी, राजा कुमार सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।

### हड़ताल की प्रमुख मांगें

एलआईसी में क्लास-03 एवं क्लास-04 कैडर में तत्काल भर्ती सभी एलआईसी कर्मचारियों को 1995 पेंशन योजना का लाभ कर्मचारियों से जुड़े सभी लंबित मुद्दों का शीघ्र समाधान उद्योग एवं कर्मचारी मुद्दों पर यूनियनों के साथ संरचित संवाद प्रणाली लागू करना

### नीतिगत निर्णयों का विरोध

यूनियन द्वारा हड़ताल के माध्यम से निम्न नीतिगत निर्णयों का विरोध किया जा रहा है। अमानवीय श्रम संहिताओं का विरोध बीमा उद्योग में एफडीआई सीमा को 100 प्रतिशत तक बढ़ाने के निर्णय का विरोध पीएसजीआई कंपनियों के निजीकरण का विरोध प्रबंधन की एकपक्षीय नीतियों और निर्णयों का विरोध यूनियन का पक्ष यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि यह हड़ताल कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा और बीमा उद्योग को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से की जा रही है। यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# गीता महोत्सव एवं यादव मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक कुंवर सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

विधायक कुंवर सिंह निषाद बुधवार को ग्राम चिचबोड में गीता महोत्सव एवं यादव मिलन समारोह कोसरिया राउत यादव समाज सर्किल चिचबोड़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां उन्होने भगवान श्री कृष्णा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि ऐसा कहा जाता है कि गीता के उपदेशों का अनुसरण करने से समस्त कठिनाइयों और शंकाओं का निवारण होता है। गीता में श्रीकृष्ण के द्वारा बताए गए उपदेशों पर चलने से व्यक्ति को कठिन से कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। गीता के उपदेश में जीवन को जीने की कला, प्रबंधन और कर्म सब कुछ है। इसलिए गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। समाज के समग्र उत्थान हेतु युवा पीढ़ी को शिक्षा, अनुशासन एवं आत्मनिर्भरता के पथ पर अग्रसर होना चाहिए। भगवान श्रीकृ ष्ण के उपदेशों में निहित गीता का संदेश आज भी मानवता, कर्तव्यबोध, समर्पण, सेवा और धर्म के मार्ग पर चलने की सशक्त प्रेरणा देता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष जिला महासभा बालोद हिमन लाल यादव, अध्यक्ष चिचबोड सर्किल नेतराम यादव, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही कचरू राम साहू, जनपद सदस्यपूर्णिमा डोमार साहू, सागर साहू, तेजराम साहू, सरपंच भागवत साहू, नदवा यादव, चन्द्रहास यादव, अशोक यादव, ओमप्रकाश यादव, कविता, राजकुमार साहू, चैतराम, बन्नुराम यादव सहित पदाधिकारी व समाज की महिलाएं उपस्थिति थे।

- गीता के उपदेश जीवन की कठिनाइयों का समाधानः विधायक

# कजराबांधा में शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन अर्धनारीश्वर का वर्णन किया

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

ग्राम कजराबांधा में चल रहे संगीतमय शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन कथावाचक पंडित अमित सरस भारती झा ने बताया कि सृष्टि के प्रारंभ में जब ब्रह्माजी द्वारा रची गई मानसिक सृष्टि विस्तार न पा सकी, तब ब्रह्माजी को बहुत दुःख हुआ। उसी समय आकाशवाणी हुई ब्रह्मन अब मैथुनी सृष्टि करो, आकाशवाणी सुनकर ब्रह्माजी ने मैथुनी सृष्टि रचने का निश्चय तो कर लिया, किंतु उस समय तक नारियों की उत्पत्ति न होने के कारण वे अपने निश्चय में सफल नहीं हो सके। तब ब्रह्माजी ने सोचा कि परमेश्वर शिव की कृपा के बिना मैथुनी सृष्टि नहीं हो सकती। अतः वे उन्हें प्रसन्न करने के लिए कठोर तप करने लगे। बहुत दिनों तक ब्रह्माजी अपने हृदय में प्रेमपूर्वक महेश्वर शिव का ध्यान करते रहे। उनके तीव्र तप से प्रसन्न होकर भगवान उमा–महेश्वर ने उन्हें अर्द्धनारीश्वर रूप में दर्शन दिया।

- शिव–शक्ति के संयोग से हुआ सृष्टि संचालन का प्रारंभ



महेश्वर शिव ने कहा पुत्र ब्रह्मा, तुमने प्रजाओं की वृद्धि के लिए जो कठिन तप किया है, उससे मैं परम प्रसन्न हूं। मैं तुम्हारी इच्छा अवश्य पूरी करूंगा। ऐसा कहकर शिवजी ने अपने शरीर के आधे भाग से उमा देवी को अलग कर दिया। ब्रह्मा ने कहा एक उचित सृष्टि निर्मित करने में अब तक मैं असफल रहा हूं। मैं अब स्त्री–पुरुष के समागम से मैं प्रजाओं को उत्पन्न कर सृष्टि का विस्तार करना चाहता हूं। परमेश्वरी शिवा ने अपनी भौंहों के मध्य भाग से अपने ही समान कांतिमती एक शक्ति प्रकट की। सृष्टि निर्माण के लिए शिव की वह शक्ति ब्रह्माजी की प्रार्थना के अनुसार दक्षकी पुत्री हो गई।

इस प्रकार ब्रह्माजी को उपकृत कर तथा अनुपम शक्ति देकर देवी शिवा महादेव जी के शरीर में प्रविष्ट हो गईं, यही अर्द्धनारीश्वर शिव का रहस्य है और इसी से आगे सृष्टि का संचालन हो पाया, जिसके नियामक शिवशक्ति ही हैं।

### तेज रफ्तार पुलिस वाहन की टक्कर से मवेशी की मौत, चालक मौके से फरार



**गुण्डरदेही।** पुलिस वाहन ने सड़क किनारे खड़े मवेशी को ठोकर मार दी। जहां ठोकर मारने के बाद पुलिस वाहन रूकने के जगह मौके से फरार हो गया तथा राहगिरो के वाहन रोकने का आवाज देने के बाद भी वाहन नही रूका जिसके कारण समय पर ईलाज ना मिल पाने के कारण मवेशी की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भाठागांव आर से किलेपार मुख्य मार्ग के बीच पुल के पास थाना रनचिरई की पुलिस वाहन ने सड़क किनारे खड़े मवेशी को तेज रफ्तार में टक्कर मारकर घायल कर दिया और कुछ देर बाद घायल मवेशी की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पुलिस वाहन अत्यधिक गति में था। घटना के बाद लोगों द्वारा वाहन को रुकवाने का प्रयास भी किया गया, परंतु वाहन नहीं रूका, अगर समय रहते मवेशी को उपचार मिलती तो मवेशी को बचाया जा सकता था। मगर उपचार के बगैर मवेशी की मौत हो गई।

## दंड नहीं सुधार पर दिया गया जोर

# किशोर न्याय प्रणाली को प्रभावी बनाने कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार–प्रसार एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा जारी स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के अनुसार सर्किट हाउस बालोद के सभाकक्ष में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद एसएल. नवरत्न के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में किशोर न्याय प्रणाली को अधिक सु–ढ़, प्रभावी एवं बालहितैषी बनाने के उद्देश्य से किशोर न्याय अधिनियम बालकों की देखरेख और संरक्षण 2015 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।




उक्त कार्यशाला में प्रधान जिला न्यायाधीश ने बताया कि किशोर न्याय अधिनियम का मूल उद्देश्य दंड देना नहीं बल्कि बच्चों में सुधार लाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक बच्चा सुधार और नए अवसर का अधिकारी है तथा समाज की जिम्मेदारी है कि उसे सकारात्मक वातावरण प्रदान किया जाए। बच्चों के साथ व्यवहार करते समय उनकी गरिमा, सम्मान एवं भविष्य को सदैव ध्यान में रखा जाना चाहिए।

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी. कृष्ण कुमार सूर्यवंशी ने पॉक्सों अधिनियम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया तथा उनके द्वारा किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत बताया कि किशोर न्याय व्यवस्था की सफलता तभी संभव है जब सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और प्रत्येक मामले में बालहित को सर्वोपरि रखा जाए। साथ ही बच्चों को शिक्षा, कौशल विकास एवं परामर्श सेवाओं से जोड़ने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला गया। प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड बालोद सतप्रीत कौर छाबड़ा ने किशोर न्याय अधिनियम के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। उन्होंने ने यह भी बताया कि संघर्षरत बालकों के मामलों में सहानुभूति, संवेदनशीलता एवं मानवीय –ष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए, ताकि बच्चों में आत्मविश्वास विकसित हो और वे भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोद भारती कुलदीप ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम, 2015 तथा इससे जुड़े नियमों एवं प्रक्रियाओं की व्यापक जानकारी प्रदान करना रहा। जिससे संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की क्षमता में वृद्धि हो सके। किशोर न्याय प्रणाली को मजबूत बनाने तथा बाल अधिकारों के संरक्षण हेतु इस प्रकार ▶▶| शेष पेज 10 पर

# ग्राम रूदा में शिव महापुराण कथा समापन में 12 ज्योतिर्लिंग की महिमा का हुआ बखान


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

ग्राम रूदा में चल रहे शिव महापुराण कथा के अंतिम दिन कथावाचक कृष्ण कुमार उपाध्याय ने शिव महिमा का बखान करते हुए 12 ज्योतिर्लिंग की दर्शन करने की महिमा बताई। उन्होने कहा पुराणों में साक्षात प्रमाण है कि 12 ज्योतिर्लिंग स्वयं प्रकट हुए हैं, जो युगों युगों से पूजनीय है, जिसमें सोमनाथ, नागेश्वर, रामेश्वर, भीमाशंकर, केदारनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकाल, विश्वेश्वर, त्रंबकेश्रर, काशी विश्वनाथ, केदार नाथ 12 ज्योतिर्लिंग है, चार वेद, चार धाम व 18 पुराण सहित कई शास्त्रें में दिव्य प्रमाण है, जहां साक्षात ज्योतिर्लिंग में विराजित हैं, फिर मनुष्य यत्र तत्र बहकावे व लोभ में आकर अपना धर्म बदल झूठे, सुख, दिखावा के चका चौंध में भटक कर घोर पाप का भागी बन रहा है, समय रहते ऐसे प्रपंच लोगो से सावधान रहो, भ्रम में बिल्कुल ना फंसे, इस पवित्र जगह पर जाकर अपने पूरे परिवार के साथ दर्शन कर आत्म मंथन कर हृदय में विराजित शिव को परमात्मा को प्राप्त करे, क्योंकि प्रभु सिर्फ सिर्फ भाव के भूखे है, क्योंकि किंचित मात्र पुकार से स्वयं प्रभु आकर रक्षा करने कई रूपो में आते है, सब जीव में शिव हैं, जब हृदय से शिव रूपी ज्योति निकल जाती हैं, तब सिर्फ शव बन जाता है।

- सब जीव में शिव हैं संदेश से गूंजा कथा पंडाल



वही शिव महापुराण की आरती कर घर घर आंगन में शोभा यात्र में आरती उतार कर सुख समृद्धि की कामना किया, जिसमें कथा आयोजक ▶▶| शेष पेज 10 पर



# राइजिंग पाइप लाइन संधारण कार्य शुरू, पानी टंकियां निर्माण भी जल्द होंगे पूरे

## गर्मी के दिनों में पानी संकट को देखते हुए भिलाई निगम की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गर्मी के दिनों में भिलाई शहरवासियों को पर्याप्त पेयजल मिले इसके लिए निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। पानी टंकियों को जल्द ही पूरा करवाया जा रहा है। राइजिंग पाईप लाइन का संधारण भी शुरू किया गया है ताकि लिकेज की समस्या से न जूझना पड़े। नगर पालिक निगम भिलाई जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत राइजिंग पाईप लाइन संधारण, नवीन सीमेंटीकरण रोड सहित निर्माणाधीन पानी की टंकी का सघन निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निर्माण एवं संधारण से संबंधित कार्यो को जल्द पूर्ण कराने अधिकारियों को निर्देशित किये है।



### शास्त्री नगर में राइजिंग पाइप लाइन संधारण शुरू

वैशाली नगर अंतर्गत शास्त्री नगर में राइजिंग पाईप लाईन लिकेज का संधारण कार्य प्रगति पर है, जिसका निरीक्षण आयुक्त द्वारा किया गया। नागरिको को जल्द पेयजल आपूर्ति हो, इस हेतु संधारण कार्य शीघ्र कराने निर्देशित किए। बी.एम.शाह अस्पताल के बगल में नागरिकों की सुविधा हेतु नवीन सीमेंटीकरण रोड का निर्माण किया गया है। नागरिकों के आवागमन की समस्या को देखते हुए इस रोड का निर्माण किया गया है। रोड में अव्यवस्थित ब्रेकर बनाया गया है, जिसे तत्काल हटाने कहा गया है। रोड निर्माण पश्चात स्थानीय नागरिक द्वारा अपने घर के सामने रेलिंग लगाकर घेरा किया गया है। सड़क बाधा को देखते हुए 2 हजार की चालानी कार्यवाही करते हुए तत्काल घेरा हटाने के निर्देश दिये है।

### रामनगर पानी टंकी का निरीक्षण

आयुक्त पांडेय ने रामनगर आजाद चौक दशहरा मैदान में निर्माणाधीन पानी टंकी का अवलोकन किया। निर्माणकर्ता एजेंसी को कार्य जल्द ही पूर्ण कराने निर्देशित किये है। इस टंकी के निर्माण से हजारों परिवारों को पर्याप्त पेयजल की सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, उप अभियंता चंदन निर्मल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंसः 1.43 लाख का संपत्तिकर वसूला

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-2 वैशाली नगर में बकाया संपत्तिकर की वसूली के लिए कुर्की दल ने कार्रवाई तेज कर दी है। टीम डोर-टू-डोर जाकर बकायादारों से संपर्क कर मौके पर ही राशि जमा कराने समझाइश दी जा रही है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर सोमवार को चार बकायादारों ने बकाया कर की राशि के चेक निगम को दिए थे, लेकिन बैंक में जमा करने के बाद ये चेक बाउंस हो गए। इसके बाद कुर्की दल ने संबंधित लोगों से दोबारा संपर्क किया। तीन बकायादारों ने तत्काल भुगतान कर दिया। दामोदर जांगड़े ने 17, 783 रुपए, शांति देवी मौर्या ने 64538 रुपए और एनडी डे ने 22 हजार रुपए निगम कोष में जमा कराए। इस तरह करीब 1.04 लाख की वसूली की गई। वहीं एक अन्य बकायादार ने 15 फरवरी तक पूरी राशि जमा करने की सहमति दी है।

### मानसगान सम्मेलन 14 से

**अंडा।** श्री विश्वरूप नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी चिंगरी की ओर से दो दिवसीय मानसगान सम्मेलन 14 एवं 15 फरवरी को आयोजित है। सुबह 10 बजे उद्घाटन समारोह होगा। वहीं सम्मेलन का समापन रविवार रात्रि 10 बजे होगा। आयोजक समिति के सदस्य साकेत देशमुख, धनंजय देशमुख साकेत पटेल अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## आयोजन : नगर पालिका कार्यालय में भी दवा सेवन

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का नपा अध्यक्ष ने दवा सेवन कर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

भारत सरकार द्वारा संचालित फाइलेरिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत दल्ली राजहरा में सामूहिक दवा सेवन अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने स्वयं दवा सेवन कर अभियान की शुरुआत की और नगरवासियों से इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने की अपील की।



### नगरवासियों से दवा सेवन की अपील

इस अवसर पर अध्यक्ष साहू ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जो मच्छर के काटने से फैलती है। इससे बचाव के लिए सभी नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा वितरित दवाइयों का अनिवार्य रूप से सेवन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

### वार्ड स्तर पर बनाए गए बूथ

जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक वार्ड में आंगनबाड़ी केंद्रों को दवा वितरण बूथ बनाया गया है, ताकि आम नागरिकों को दवा लेने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### स्वच्छता और मच्छर नियंत्रण पर जोर

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घर और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखें, जलजमाव न होने दें, तथा रात में मच्छरदानी लगाकर सोएं, जिससे मच्छरजनित बीमारियों से बचाव किया जा सके।

**स्वास्थ्य सुपरवाइजर का संदेशः** स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए सभी लोगों को डीईसी , आइवरमेक्टिन एवं एलबेंडाजोल की दवाइयों का सेवन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा, "हम सबने ठाना है — शहर को फाइलेरिया मुक्त बनाना है। नगर पालिका कार्यालय परिसर में पार्षदों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी दवा खिलाई गई।अभियान में जनप्रतिनिधियों व कर्मचारियों का सहयोग इस अभियान में उपाध्यक्ष मनोज दुबे, पार्षदगण सुरेश जायसवाल, भूपेंद्र श्रीवास, तरुण साहू, निर्मल पटेल, मोनिका साहू, संजीव सिंह, मालती निषाद, सहित स्वास्थ्य कर्मचारीगण एवं मितानिनों का सक्रिय सहयोग रहा।

# नन्हीं अल्फिया ने कलेक्टर को दिया जन्मदिन का न्योता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संयुक्त जिला कार्यालय में पहुंची नन्हीं बालिका अल्फिया ने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से मुलाकात कर उन्हें अपने हाथों से बनाया हुआ आमंत्रण पत्र देकर अपने आठवें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित होने वाले न्योता भोज में शामिल होने आमंत्रित किया।

कलेक्टर मिश्रा ने नन्हीं बालिका अल्फिया के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए उनके प्रति स्नहे जताया। कलेक्टर ने नन्हीं बालिका अल्फिया को उसके जन्मदिन हेतु अग्रिम बधाई दी तथा उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने बच्ची को जिले के नारागांव में 13 से 15 फरवरी तक आयोजित होने वाले सियादेवी इको एडवेंचर फेस्ट में शामिल होने के लिए वीआईपी एंट्री पास प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि शिकारी पारा बालोद के दंपत्ति तन्वी खान एवं जमिल खान अपनी 8वर्ष की बालिका अल्फिया के जन्मदिन के अवसर पर 13 फरवरी को माध्यमिक शाला ओरमा में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। जिसके तहत वे संयुक्त जिला कार्यालय में आमंत्रण देने हेतु पहुँचे थे।

# चार श्रम कानूनों के विरोध में आज देशव्यापी हड़ताल का आह्वान

- चार श्रम कानूनों के विरोध में आज 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान

**दल्लीराजहरा।** हिंदुस्तान स्टील एंप्लाइज यूनियन (सीटू) राजहरा द्वारा आज चार श्रम कानूनों के विरोध में देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया गया है। इस अभियान के तहत यूनियन पदाधिकारी खदान के विभिन्न विभागों में जाकर श्रमिकों को नए श्रम कानूनों के प्रभावों की जानकारी दे रहे हैं और हड़ताल में भागीदारी के लिए जागरूक कर रहे हैं। सीटू के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा लागू किए जा रहे नए श्रम कानूनों से संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों में रोजगार अस्थिर होगा, स्थायी नौकरियों का स्वरूप समाप्त होगा और श्रमिकों के वर्षों के संघर्ष से प्राप्त अधिकार कमजोर पड़ेंगे। यूनियन का कहना है कि इन कानूनों के लागू होने से छंटनी, ठेकाकरण, काम के घंटे बढ़ने और हड़ताल जैसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर रोक जैसी स्थितियां पैदा होंगी, जिससे मजदूर वर्ग का भविष्य असुरक्षित हो जाएगा। यूनियन ने स्पष्ट किया कि यह हड़ताल केवल सीटू की नहीं, बल्कि इंटक, एटक, एचएमएस, एक्टू सहित देश की दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों का संयुक्त आह्वान है, जो मजदूर वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए किया जा रहा है। सीटू ने चारों लेबर कोड को रद्द करने, सार्वजनिक उपक्रमों और खदानों के निजीकरण पर रोक, स्थायी भर्ती, समान काम के लिए समान वेतन, ठेका व आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त करने तथा राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने जैसी प्रमुख मांगें उठाई हैं। सीटू राजहरा ने सभी श्रमिकों से अपील की है कि वे 12 फरवरी 2026 की देशव्यापी हड़ताल में शामिल होकर इसे सफल बनाएं, ताकि श्रमिकों के अधिकारों, रोजगार की सुरक्षा और भविष्य को सुरक्षित रखा जा सके।

# कलेक्टर का आदेशः सप्ताह में दो दिन मुख्यालय में उपस्थिति अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- समस्त राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारी मंगलवार एवं बुधवार को अनिवार्य उपस्थित रहेंगे

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपालन में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आदेश जारी कर जनहित को सर्वोपरि रखते हुए एवं शासकीय कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित करने हेतु आदेश जारी किया है। जारी आदेश में जिले के समस्त राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारी मंगलवार एवं बुधवार को अनिवार्य रूप से अपने मुख्यालय, कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। इस अवधि में नस्तियों का निराकरण, विभागीय समीक्षा एवं आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। क्षेत्रीय निरीक्षण, निरीक्षण और अन्य बाह्य कार्यों हेतु केवल गुरूवार एवं शुक्रवार का दिन निर्धारित किया गया है। अधिकारी अपने क्षेत्र के भ्रमण का कार्य इसी अवधि में नियोजित करेंगे। समय—सीमा व जनदर्शन समय—सीमा की बैठक व जनदर्शन सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को आयोजित होगी।

विशेष परिस्थिति अति आवश्यक कार्य कानून व्यवस्था, या वरिष्ठ कार्यालय द्वारा आहुत बैठकों की स्थिति में ही उक्त समय सारणी में परिवर्तन मान्य होगा। उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है। किसी भी प्रकार का उल्लंघन किये जाने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम के तहत अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना जाएगा। उल्लेखनीय है कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों के भ्रमण एवं दौरे के कारण कार्यालयीन कार्य तथा आम जनता से भेंट के समय में अनियमितता हो रही है। प्रशासनिक कार्य प्रणाली को सुव्यवस्थित करने एवं जनहित को सर्वोपरि रखते हुए आदेश जारी किया गया है।

# युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का भिलाई में स्वागत, एकजुटता का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया के आगमन पर ढोल नगाड़े और आतिशबाजियों के बीच स्वागत किया गया। टिकरिया ने सेक्टर 9 स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की खुशहाली और उन्नति के लिए हनुमान से प्रार्थना की। टिकरिया ने कहा कि भिलाई जिले में बहुत ऊर्जा और ताकत है। युवा मोर्चा के सभी सदस्य दिन रात मेहनत कर रहे हैं।

मीडिया प्रभारी जयंत शर्मा ने बताया कि मुख्य रूप से युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल, आकाश ठाकुर, विजय जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष महेश वर्मा, प्रशम दत्ता, कुशल साहू उपस्थित रहे।

# सेल ने आगत कच्चे माल के सैंपलिंग और सैंपल प्रिपरेशन पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण पर दिया जोर

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के अनुसंधान एवं विकास केंद्र, आयरन एंड स्टील (आरडीसीआईएस) द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र में सेल खदानों एवं संयंत्रों में आगत कच्चे माल की सैंपलिंग एवं सैंपल प्रिपरेशन विषय पर एक दिवसीय हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सेल की विभिन्न खदानों एवं संयंत्रों में सैंपलिंग प्रक्रियाओं के मानकीकरण एवं तकनीकी समझ को सुदृढ़ करना, जिससे गुणवत्ता नियंत्रण एवं परिचालन उत्कृष्टता को और अधिक मजबूती मिल सके। कार्यक्रम का शुभारंभ भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक, राहुल श्रीवास्तव के स्वागत उद्बोधन से हुआ। इसके उपरांत कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए, जिसमें उन्होंने इस्पात निर्माण प्रक्रिया में साइंटिफिक सैंपलिंग एवं गुणवत्ता आश्वासन के रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया गया। तकनीकी सत्रों के अंतर्गत आईएस मानकों के अनुरूप सैंपल संग्रहण, स्कूप सैंपलिंग सिस्टम तथा लौह अयस्क खदानों में प्रचलित सैंपलिंग पद्धतियों पर विस्तृत प्रस्तुतियां दी गईं।

## पेज 9 के शेष

### मां गंगा मैया पावन धाम ...

गौ आधारित कृषि कर रहे सामाजिक बंधुओं का सम्मान समारोह भी आयोजित है। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय विशाल चिकित्सा सम्मेलन एवं मातृ पितृ पूजन दिवस का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंजपारा बालोद में 14 एवं 15 फरवरी को आयोजित होगी। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 5:30 बजे पंचमहाभूत पूजा से प्रारंभ होगी एवं 7:30 बजे तक गुरुदेव डॉक्टर निरंजन वर्मा पीठाधीश पंचगव्य विद्यापीठ गुरुकुलम कांचीपुरम द्वारा आध्यात्मिक सत्र गो विज्ञान पर होगा। वही 10 बजे से गुरुदेव डॉक्टर निरंजन वर्मा द्वारा गो विज्ञान एवं पंचगव्य चिकित्सा विज्ञान सहित गौ माता से निरोगी भारत विषय पर जन सामान्य को मार्गदर्शन प्राप्त होगा। 12:30 बजे से 2 अतिथि सत्कार आशीर्वचन एवं गौ सेवा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकल्पों में कार्य कर रहे समाज के गौ भक्त गौ चिकित्सा पंचगव्य चिकित्सा जैविक कृषि गोपालन एवं सनातन धर्म जागरण पर विशिष्ट कार्य रहे बंधु भगिनी जनों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष अखिल भारतीय पंचायत परिषद अभिषेक गुप्ता होंगे। अध्यक्षता निज सहायक मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन तुलसीराम कौशिक करेंगे। विशिष्ट तिथि सचिव छत्तीसगढ़ प्रसिद्ध प्रदेश पंचायत परिषद कुलेश्वर साहू, उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष लघु वन उपज संघ राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त यज्ञ दत्त शर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद प्रतिभा देवी चौधरी, उपाध्यक्ष नगर पालिका बालोद कमलेश सोनी, योग शिक्षक एवं समाजसेवी बालोद रवि प्रकाश पांडे होंगे। पिछले 10 वर्षों की भांति बालोद जिले में निरंतर आयोजित हो रहे मातृ पितृ पूजन प्रारंभ होगी, जिसमें अपने माता—पिता एवं गुरुजनों की पूजा बच्चे करेंगे। मातृ के आयोजन में मार्गदर्शन योग वेदांत सेवा समिति जिला बालोद के मातृ पितृ पूजन प्रभारी भाई भोलाराम साहू द्वारा संपादित कराया जाएगा। यह आयोजन पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण कर वैलेंटाइन डे मना रहे युवाओं के लिए भारतीय संस्कृति के अनुकरण हेतु दिए जाने वाला एक दिव्या मंच है, जहां युवान युवतियां अपने माता—पिता के चरणों की पूजा कर वास्तविक प्रेम दिवस मान सकते हैं।

### गौमाता का ...

पंचगव्य डॉक्टर एसोसिएशन, योग वेदांत सेवा समिति बालोद पंचगव्य चिकित्सा अनुसंधान केंद्र एवं गो तीर्थ मंगचुआ हितेकसा गुरुर जिला बालोद तथा आंजनेय नंदन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति की माहिती भूमिका है।

### किशोर न्याय प्रणाली ....

की कार्यशालाओं का आयोजन निरंतर जारी रहेगा। कार्यशाला में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बालोद संजय सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, किशोर न्याय बोर्ड बालोद के सदस्यगण, बालक कल्याण समिति बालोद के अध्यक्ष व समस्त सदस्यगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के पैरालीगल वालिंटियर उपस्थित थे।

### ग्राम रूदा में शिव ...

प्रमुख अवध राम देशमुख, तारकेशवरी, धनी राम, रुख मणि बाई, रोहन लाल, कमला देशमुख, पूना राम तारा देशमुख सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सीएससी केंद्र गुरुर में रक्तदान शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालोद के निर्देशन व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील भारती के मार्गदर्शन में विकासखंड गुरुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

जिला चिकित्सालय बालोद के पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर अजय साहू एवं उनके टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरूर के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा यह आयोजन किया गया। उपस्थित हितग्राहियों द्वारा रक्त जांच कर रक्त दान किया गया। दान में दी गई रक्त गंभीर बीमारी व रक्त अल्पता से ग्रसित व्यक्तियों के लिए जीवन दायनी साबित होगी। विकासखंड गुरुर में प्रति माह रक्त दान शिविर का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड के रक्त दानदाताओं जन से अपील किया गया है कि आप भी इस पुण्य काम में भागीदारी बने। रक्त दानदाताओं में प्रमुख बीपीएम योगेश साहू, फिजियोथैरेपिस्ट वेदप्रकाश साहू, लेखा पाल टिकेश्वर बख्शी, बीडी गंगवांसी, पर्यवेक्षक चेतन सिंघारे, रोशन सुधाकर, अभिषेक ठाकुर, ड्रेसर पंकज, डाटा ऑपरेटर पुरूर केशव मरकाम सीएचसी गुरूर ने योगदान दिया। उक्त आयोजन में सीएचसी लेब के चमन कुर्रे, संजय मेश्राम एवं सीएचसी स्टॉफ का सहयोग रहा।

## सलाहकार समिति की बैठक में ऐसे उद्यानों से समाजसेवी संगठनों को जोड़ने की होगी पहल

# एनएच सहित शहर के उद्यानों की दशा सुधारने बनी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग की सलाहकार समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक विभाग की प्रभारी सदस्य नेहा साहू एवं सचिव तिलेश्वर साहू की उपस्थिति में हुई।

बैठक का मुख्य एजेंडा वार्ड क्रमांक 4, नेहरू नगर जी. ई. रोड स्थित उद्यानों सहित अन्य उद्यानों का बेहतर संचालन एवं सुव्यवस्थित रखरखाव रहा। समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि निगम क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य उद्यानों के संचालन एवं रखरखाव हेतु रुचि की अभिव्यक्ति के तहत दिए जाने हेतु आगामी कार्यवाही की जाए।

सभी सदस्यों ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और बच्चों की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए। प्रभारी सदस्य नेहा साहू ने चर्चा के दौरान कहा कि उद्यान शहर की फेफड़े होते हैं। हमारा लक्ष्य वरिष्ठ नागरिकों के टहलने के लिए सुरक्षित पथ और बच्चों के मनोरंजन के लिए बेहतर खेलकूद के संसाधन उपलब्ध कराना है। बैठक में इस बात पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया कि उद्यानों को किस प्रकार अधिक व्यवस्थित और सुंदर बनाया जा सकता है।

उद्यानों में बैठने के लिए बेंच, लाइट व्यवस्था और नए पौधों का रोपण, नियमित सफाई और पौधों की छंटाई के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए।

बैठक के अंत में सचिव तिलेश्वर साहू ने चर्चा में आए विषयों पर तत्काल प्रभाव से कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन हेतु आश्वस्त किया ताकि आम जनता को जल्द से जल्द बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

बैठक में मुख्य रूप से सलाहकार समिति के सदस्य पार्षद उषा शर्मा, सरिता देवी, गिरजा बंछोर, रवि शंकर कुर्रे, उमेश साहू सहित उद्यान विभाग के कर्मचारी त्रिवेणी देशपांडे, गोपाल यादव एवं अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अरमुरकसा में 28 लाख के चेक डैम व टो वॉल निर्माण का भूमिपूजन

**कुसुमकसा।** भाजपा मंडल के अंतर्गत ग्राम अरमुरकसा मे मनरेगा के तहत 28 लाख के लागत से चेक डेम व टो वाल निर्माण का भूमि पूजन बूथ अध्यक्ष पवन निर्मलकर के हाथो किया गया। योगेंद्र सिन्हा भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुमकसा के द्वारा कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के लिए एक नई परंपरा की शुरुआत की गई है, नई परंपरा का पालन करते हुए भाजपा बूथ अध्यक्ष पवन निर्मलकर व जनपद सदस्य मंजू बैसके हाथों भूमि पूजन कराया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा ने कहा भाजपा की पूंजी भाजपा का कार्यकर्ता है। इस लिए कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के लिए कुसुमकसा मंडल मे जो भी विकास कार्य का भूमि पुजा होगा। उस ग्राम के बूथ अध्यक्ष व शक्ति केंद्र प्रभारी के हाथो ही कार्य संपन्न किया जाएगा । इस भूमि पूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंजू बैस जनपद सदस्य व भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा मंडल के महामंत्री पोषण भुआर्य ग्राम पंचायत के सरपंच हलधर गोरे उप सरपंच ओम प्रकाश लिखन द्रोपती गौर दुर्गा रावटे भीमा रावटे निर्मला भंडारी जानकी बाई भुनेश्वरी हलधर महराज सहित पंच गण व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### खरीफ 2026-27 के लिए खाद का अग्रिम भंडारण शुरू 15,313 टन पहुंचा जिले में

**बालोद।** खरीफ 2026–27 में अग्रिम उठाव के लिए खाद का भण्डारण शुरु कर दिया गया है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि अब तक जिले में सहकारी क्षेत्र के सिंगल व डबल लाक गोदामों में विभिन्न प्रकार के 15 हजार 313 टन खाद पहुंच चुका है। किसानों को राहत दिलाने कृषि विभाग अग्रिम उठाव को बढ़ावा देने अभी से खाद का भण्डारण किया जा रहा है। साथ ही इसके लिए विभाग किसानों को भी प्रेरित कर रहा है। जिले में अब तक सिंगल लाक में 12274 एवं डबल लाक में 3039 टन खाद का भण्डारण चुका है। इनमें से 6186 यूरिया, 1557 सिंगल सुपर फास्फेट, 2589 एम.ओ.पी. 1217 डी.ए.पी. एवं 1222 टन 20:20:13 खाद शामिल है। इस बार आगामी खरीफ के लिए विभिन्न प्रकार का खाद पहले से अग्रिम उठाव के लिए भण्डारण कराया जा रहा है, ताकि 01 फरवरी से अग्रिम उठाव होने पर सभी प्रकार के खाद पर्याप्त मात्र में उपलब्ध रहे। अग्रिम उठाव करने पर 01 फरवरी से मई तक का कोई ब्याज नहीं लिया जाता है। इसी प्रकार समितियों पर भी अग्रिम खाद भण्डारण का कोई अतिरिक्त भार नहीं पड़ता है। उन्होंने किसानों से इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने को कहा है।

### कार्रवाई : गांजा तस्कर को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर श्री राम चौक हुडको भिलाई में काले रंग के बैग में गांजा रखकर बेचने की फिराक में युवक घूम रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में पुलिस को आरोपी ने अपना नाम पेपर चिल्ली बार कोहका निवासी सौरभ दीक्षित बताया है।

## निधन

### खेमूराम साहू

**जामगांव आर।** ग्राम कोसागोंदी निवासी समाजसेवी खेमूराम साहू का निधन हो गया। 14 फरवरी को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कोसागोंदी में किया गया है। वे मोहन साहू के पिता सदन साहू संजय साहू के भाई एवं कामता प्रसाद साहू जामगांव आर वाले के साला थे।



**न्यायालय तहसीलदार गुण्डरदेही जिला-बालोद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / 2705/ वाचक / तह. / 2026 — गुण्डरदेही, दिनांक 30/01/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उद्योग संचालनालय छ.ग. उद्योग भवन रायपुर द्वारा मौजा पैरी प.ह.न. 29 रा.नि.म. सिकोसा तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद स्थित भूमि खसरा नंबर 225 कुल रकबा 14.480 हे. में से 3.00 हे. तथा खसरा नंबर 226 कुल रकबा 6.750 हे. कुल रकबा 9.750 हे. शासकीय भूमि उद्योग विभाग को हस्तांतरित किये जाने प्रस्तुत आवेदन श्रीमान कलेक्टर महोदय बालोद के पत्र क्रमांक/03/प्र.कले./ 2025 बालोद दिनांक 01.01.2026 के माध्यम से जांच प्रतिवेदन मय आवश्यक कार्यवाही हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा / आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से पेशी दिनांक 16/02/2026 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात आए दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.01.2026 को स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी।

जारी दिनांक 30.01.2026
पेशी दिनांक 16.02.2026
मुहर
तहसीलदार
गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

## आयोजन : मां सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ

# हर्षा देवांगन की कृति अपराजिता का भव्य विमोचन एवं कवि सम्मेलन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- अपराजिता नारी शक्ति को समर्पित कृति : हर्षा देवांगन

नगर की साहित्यिक प्रतिभा हर्षा राजेंद्र देवांगन की प्रथम काव्य कृति 'अपराजिता' का विमोचन मधुर साहित्य परिषद, डौंडीलोहारा के तत्वावधान में गरिमामय, भावपूर्ण एवं साहित्यिक वातावरण में रविवार को नगर के शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन न केवल साहित्यिक दृष्टि से ऐतिहासिक रहा, बल्कि सामाजिक चेतना, नारी विमर्श और सांस्कृतिक जागरण के एक सशक्त मंच के रूप में भी उभरकर सामने आया।

कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया ,अपराजिता' कुल 74 कविताओं का संग्रह है, जिसमें कवयित्री ने नारी जीवन की वास्तविकताओं, संघर्ष, पीड़ा, शोषण, सामाजिक अन्याय, मानसिक यातनाओं और सशक्तिकरण को अत्यंत संवेदनशीलता, साहस और प्रभावी अभिव्यक्ति के साथ प्रस्तुत किया है। यह कृति केवल भावनात्मक रचनाओं का संकलन नहीं, बल्कि समाज को आत्ममंथन और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में प्रेरित करने वाली चेतनात्मक साहित्यिक आवाज है। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि चेमन देशमुख, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, जिला बालोद रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अशोक आकाश, अध्यक्ष मधुर साहित्य परिषद, बालोद ने की। विशिष्ट अतिथियों में लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम (अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडी लोहारा), उषा मिश्रा (विभाग कार्यवाहिका, राष्ट्र सेविका समिति, राजनांदगांव), सीताराम साहू (वरिष्ठ साहित्यकार एवं लोकगायक), जगदीश देशमुख (अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान), आत्माराम कोसा (जिला समन्वयक, राजभाषा आयोग, राजनांदगांव), दीपक देवांगन (अध्यक्ष देवांगन समाज, जिला बालोद), सियाराम शार्वा (समाजसेवी, डौंडी लोहारा) , लखन लाल कलामे (जिला पंचायत सदस्य) सहित अनेक गणमान्यजन मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ। तत्पश्चात अतिथियों के करकमलों से 'अपराजिता' काव्य कृति का विमोचन किया गया। अपने वक्तव्य में हर्षा देवांगन ने बताया कि 'अपराजिता' एक नारी विमर्शात्मक कृति है, जिसे उन्होंने नारी शक्ति को समर्पित किया है जो नारी के संघर्ष, संवेदनाओं, व्यथा और सशक्तिकरण की गाथा को स्वर देती है।मुख्य अतिथि चेमन देशमुख ने साहित्य को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि नारी आज हर क्षेत्र में उन्नति के नए आयाम स्थापित कर रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने कहा कि यह कृति समाज में सकारात्मक संदेश का संचार करेगी। वरिष्ठ साहित्यकार सीताराम साहू ने इसे नारी जीवन के विविध आयामों का संवेदनशील चित्रण बताया। जगदीश देशमुख ने 'अपराजिता' को चेतना और आत्मबल का प्रतीक बताते हुए इसकी आध्यात्मिक व्याख्या प्रस्तुत की। आत्माराम कोसा ने पौराणिक संदर्भों के माध्यम से कृति की व्याख्या की। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. अशोक आकाश ने कहा कि नारी अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से चुनौतियों को पार कर प्रगति पथ पर अग्रसर होती है यही 'अपराजिता' का सार है। इस अवसर पर मधुर साहित्य परिषद, बालोद द्वारा हर्षा देवांगन को "मधुर साहित्य सम्मान पट्टिका" से सम्मानित किया गया। द्वितीय सत्र में आयोजित कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि महेंद्र बघेल तथा अध्यक्षता प्राचार्य वीरेंद्र कुमार भंडारी ने की। विशिष्ट अतिथि अखिलेश्वर मिश्रा रहे। इस अवसर पर इकबाल खान , केशवराम साहू, ओमप्रकाश , जयकांत पटेल, डिगेंद्र साहू, देव जोशी, गुलाब सहित अनेक कवियों ने समाज, संस्कृति, नारी, प्रकृति, संघर्ष, प्रेम और संवेदना पर आधारित रचनाओं का प्रभावशाली काव्यपाठ कर वातावरण को साहित्यिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में मधुर साहित्य परिषद डौंडीलोहारा के सभी सदस्यगण, विभिन्न जिलों से पधारे साहित्यकार, शिक्षाविद, समाजसेवी, अनेक साहित्यिक संस्थाएँ एवं अंचल के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। हर्षा देवांगन के परिवारजनों की भावनात्मक उपस्थिति ने आयोजन को आत्मीयता प्रदान की। पूरे कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार वीरेंद्र अजनबी ने किया।विशेष रूप से उपस्थित गणमान्यजन एवं साहित्यकारों में संदीप लोढ़ा, महेंद्र जायसवाल, एस.एल. गंधर्व, पुष्कर सिंह राज, लव कुमार सिंह, पवन साहू (पहुना), कन्हैयालाल बारले, जितेंद्र पटेल, पुषण साहू, खेमंत साहू, अजय मिश्रा, हुलसा, आर.के. देवांगन (प्राचार्य टटेंगा), यशवंत कुमार देवांगन (दुर्ग), दीपिका जायसवाल (अंजोरा), मीरा कोकिला, सरस्वती देवांगन, रेखा ठाकुर, ममता यादव (पार्षद), एणुका शार्वा, नेहा उपाध्याय (उपाध्यक्ष नगर पंचायत डौंडी लोहारा), रेवती कोलियारे (पार्षद), धर्मेंद्र कुमार श्रवण, श्रवण कुमार सोनी, शिव कुमार अंगारे, बेनी राम देवांगन, नरेश राम देवांगन, मनोहर लाल देवांगन, अनिल चोपड़ा सहित अंचल के समस्त वरिष्ठ साहित्यकार, समाजसेवी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रॉयल एकेडमी स्कूल में बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ः वार्षिकोत्सव में परोसी एक्सपायरी खाद्य सामग्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

- डस्टबिन में मिले सबूत, पुलिस की छापेमारी से हड़कंप

ग्राम पउवारा स्थित रॉयल एकेडमी स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव उस समय हंगामे और आक्रोश में बदल गया, जब स्कूल प्रबंधन की एक बड़ी और जानबूझकर की गई लापरवाही सामने आई। स्कूल प्रशासन पर आरोप है कि उन्होंने बच्चों को एक्सपायरी डेट (समाप्ति अवधि) के खाद्य पदार्थ और जहरीले मसाले से बना भोजन परोसा।

क्या है पूरा मामला शिकायतकर्ता कमलेश्वर कुमार नेताम (निवासी जंजगिरी) ने बताया कि 10 फरवरी 2026 को वे अपने बच्चे के साथ स्कूल के वार्षिक उत्सव में शामिल होने गए थे। वहां स्कूल के भीतर लगाए गए स्टालों पर चिप्स, बिस्किट, चॉकलेट और कुरकुरे बेचे जा रहे थे। जब सामान की जांच की गई, तो पता चला कि वे सभी एक्सपायरी हो चुके थे। जब ग्रामीणों और पालकों ने इसका विरोध किया, तो स्कूल प्रबंधक अकरम और गुल शरीफ ने कथित तौर पर संवेदनहीनता की सारी हदें पार कर दीं। पालकों का आरोप है कि प्रबंधन ने बहस के दौरान कहा— हमारा स्कूल है, हम जो चाहें करेंगे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जब मौके की तलाशी ली, तो हड़कंप मच गया।

डस्टबिन में सबूतः कूड़ेदान में फेंके गए लेस चिप्स, कुरकुरे, मंच और किटकैट के रैपर्स पर एक्सपायरी डेट स्पष्ट रूप से अंकित थी। पुलिस ने पाया कि बच्चों के लिए बन रहे मुख्य भोजन में भी एक्सपायरी डेट वाले मसालों का इस्तेमाल किया जा रहा था।

पीड़ित बच्चेः कमलेश्वर नेताम के अलावा ओम प्रकाश देशमुख, खेमेंद्र कुमार हिरवानी, संदीप कुमार साहू और सूरज हिरवानी के बच्चों ने भी इन पदार्थों का सेवन किया है।

0 कानूनी कार्रवाई की मांग ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी एफआईआर दर्ज करने और स्कूल का लाइसेंस रद्द करने की मांग की है। खाद्य सुरक्षा विभाग को भी इस मामले में हस्तक्षेप कर सैंपल्स की जांच करने के लिए सूचित किया गया है।

## जिला स्तरीय पशु मेला कल भेंगारी में पंगानूर गाय रहेगी मुख्य आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- पशुपालन से होने वाले लाभ की जानकारी दी जाएगी

ब्लाक के ग्राम भेंगारी में जिला स्तरीय पशु मेला का आयोजन 13 फरवरी शुक्रवार को किया जाएगा। जिसमें जिले से बड़ी संख्या में किसान उच्च नस्ल की पंगानूर गाय, बछिया, बछडा, बैल, भैंस, बकरी, मुर्गा, बटेर, बत्तख एवं अन्य पशु लेकर पहुंचेंगे। किसानो को विभिन्न नई तकनीक, पशुपालन, दुधारु नस्लों की जानकारी देने के साथ पशु प्रतियोगिता भी कराई जाएगी।

पशु विभाग के उप संचालक डॉ डीके सिहारे ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य पशुपालकों को पशुपालन के प्रति रूझान बढ़ाने के साथ उच्च तकनीकों के माध्यम से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि कर अधिक आय की प्राप्ति हो एवं भेड़ बकरी की क्रय विक्रय कर अपनी जीविका को मजबूत बना कर सक्षम हो सके। उन्होंने बताया कि पशु मेले में उत्कृष्ट पशुओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के आगमन के साथ ही साथ देहरादून से डॉ. बीनू भदोरिया का आगमन निर्धारित है जिनके द्वारा पशुपालकों को पशु पोषण एवं पशुपालन से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी जाएगी।

इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पंगानूर गाय और बछड़े होंगे, जो की पशु धन विकास विभाग जिला बालोद द्वारा जिले में कृत्रिम गर्भाधान द्वारा उत्पन्न किए गए हैं। इसके अतिरिक्त पशु मेला में बटेर, टकऍ एवं गोस भी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। विकासखंड अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने कार्यक्रम में पशुधन विकास विभाग विकासखंड बालोद द्वारा पशुपालको को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर अपने पशुओ के साथ उपस्थित होकर लाभ लेने का अपील किया है।

## ग्राम अरकार में महाशिवरात्रि महोत्सव आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- मानसगान व लोककला की प्रस्तुतियां भी होगी

ग्राम अरकार में महाशिवरात्रि के अवसर पर महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत मानसगान एवं लोक कला समारोह का आयोजन 12 से 15 फरवरी तक महाशिवरात्रि स्थल ग्राम अरकार में किया गया है। जिसमे विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया है। जिसमे उद्घोशक ग्वाला प्रसाद यादव होगें। जिसमे 12 फरवरी को शाम 4 से 5 बजे तक वंदना मानस परिवार अरकार, शाम 5 से 6 बजे पीपर के छईहा मानस परिवार परसोदा, शाम 6 से 6:30 बजे तक गंगा आरती, शाम 6:30 बजे से 9:30 बजे तक लोक कला मंच की प्रस्तुती होगी। 13 फरवरी को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक श्री केशरी नंदन मारूति मानस परिवार अरकार की प्रस्तुती होगी। 11 से 12 बजे तक रूद्राक्ष मानस परिवार भिलाई, 12 बजे से 2 बजे तक लोक गाथा भरथरी की प्रस्तुती होगी। दोपहर 2 से 4 बजे तक सकीर्तन मानस परिवार की प्रस्तुती होगी। शाम 4 बजे से 5 बजे तक तेरे मेरे बीच में कैसा है बंधन, शाम 5 से 7 बजे तक फाग गीत, शात 7 से 9 बजे तक लोककला मंच की प्रस्तुती होगी। 14 फरवरी को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक श्री राम अनुराग मानस परिवार, 11 बजे से 12 बजे तक सरगम महिला मानस परिवार भैंसमुड़ी मगरलोड, 12 बजे से 2 बजे तक सुर पण्डवानी मंडली, दोपहर 2 से 4 बजे तक सुर्याश प्रहसन लोक धरोहर, शाम 4 बजे से 5 बजे तक मधुर सरगम मानस परिवार, शाम 5 से 7 बजे तक राधा कृष्ण राउत नृत्य मंडली, शाम 7 से रात 9 बजे तक भारत दर्शन जस झांकी मण्डली की प्रस्तुती होगी।

15 फरवरी को शिव पूजन एवं मेला महोत्सव के तहत शिव मंदिर पूजन कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर रात्रि में रंग छत्तीसगढ़ की प्रस्तुती होगी।

जिसके उद्घाटन समारोह 12 फरवरी को मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा होगी। अध्यक्षता पूर्व विधायक गुण्डरदेही व उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ गुण्डरदेही चन्द्रकुमारी साहू करेंगी। विशेष अतिथि महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बालोद संजय प्रकाश चौधरी, महामंत्री प्रदेश किसान कांग्रेस केदार देवांगन, अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर डॉ किशोर साहू, उपसरपंच ग्राम पंचायत अरकार मनोज ठाकुर, बबीता चौधरी, तोरण लाल साहू, अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर शिव सिन्हा, सेक्टर अध्यक्ष अरकार दिलीप केशरवानी, सरपंच ग्राम पंचायत बेल्हारी अतिम अग्रवाल, पंच ग्राम पंचायत अरकार प्रमिला दिनेश मारकण्डे, उपसरपंच ग्राम पंचायत किकिरमेटा संतोश सिन्हा उपस्थित रहेंगे।

13 फरवरी को मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रिरय बैंक दुर्ग प्रीतपाल बेलचंदन होंगे। अध्यक्षता जनसेवक संजारी बालोद राकेश यादव होंगे। विशेष अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरूर नेश कुमार साहू, सरपंच ग्राम पंचायत अरकार खेमलाल देवांगन, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर झालेन्द्र कुमार साहू, रमेश साहू, रामनारायण साहू, सरपंच ग्रा पंचायत आमटी दुर्गा पुरूशोत्तम चौधरी, गीता साहू, अजय चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा गुरूर अजय चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा भोजराम देवांगन, पंच ग्राम पंचायत अरकार किरण देवसिंह साहू, पंच ग्राम पंचायत अरकार कुले"वरी खुबलाल साहू उपस्थित रहेंगे।

14 फरवरी को मुख्य अतिथि डॉ उमेश लोहाना होंगे। अध्यक्षता रविन्द्र उपाध्यय करेंगे। वि"ोश अतिथि एनसी खण्डेलवाल, गोपाल सिंह पवार, वासुदेव चौधरी, जीके साहू, महेन्द्र कुमार साहू, दीपक देवदास, वाकेश चौधरी, लखन लाल गुरूपंच, रमाकांत साहू, रामकुमार शांडिल्य, हिले"वरी प्रेम मंडावी, पूर्णिमा धर्मेन्द्र केशरवानी उपस्थित रहेंगे।

15 फरवरी को दीप प्रज्वलित कार्यक्रम मे हेमलता खेमलाल देवांगन, राजे"वरी चन्द्र"ोखर देवांगन, पूर्णिमा दिलीप केसरवानी, सरस्वती ओमप्रकाश साहू, अनिता चुम्मन वि"वकर्मा उपस्थित रहेंगे। समिति के संरक्षक सेवा निवृत्त उप पुलिस अधीक्षक सुभाश चंद चौधरी, अध्यक्ष महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बालोद संजय प्रकाश चौधरी, उपाध्यक्ष पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत अरकार तोरण लाल साहू, महामंत्री प्रदेश किसान कांग्रेस केदारनाथ देवांगन, अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद महेन्द्र कुमार साहू, सचिव पूर्व अध्यक्ष जल उप हसदा तखतराम जामरे, संयोजक/कोशाध्यक्ष सरपंच ग्राम पंचायत अरकार खेमलाल देवांगन, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ धर्मेन्द्र केशरवानी, उपसंयोजक उपसरपंच ग्राम पंचायत अरकार मनोज ठाकुर, सहप्रभारी पूर्व पंच ग्राम पंचायत अरकार गोवर्धन साहू, सहसचिव पूर्व अध्यक्ष साहू संघ अरकार परमेश्वर साहू, सचिव ग्राम विकास समिति अरकार ओमप्रकाश साहू तथा ग्रामीणो का सहयोग रहेगा।

## चावल महोत्सव के साथ रोजगार एवं आवास दिवस का आयोजन, ग्राम पंचायतों में उत्सव जैसा माहौल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- विकसित भारत–ग्रामीण योजना : अब 100 की जगह मिलेगा 125 दिनों का रोजगार

शासन के निर्देशों के अनुक्रम में चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस और आवास दिवस का आयोजन प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में किया गया।

जिसके परिपालन में जिला बालोद की कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ सुनील चंद्रवंशी के निर्देशन में चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस और आवास दिवस का आयोजन जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में त्यौहार स्वरूप आयोजन कराया गया। जिसमें जिले के समस्त पंचायतों के साथ, ग्राम पंचायत पिपरछेडी में जिला स्तरीय विशेष आयोजन कर चावल दिवस उत्सव के साथ रोजगार दिवस और आवास दिवस संबंधित जानकारी ग्राम पंचायत के सभी मजदूरों को प्रदत्त कराया गया। जिसमें मुख्य अथिति जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू थे। विशेष अतिथि भाजपा मंडल के महामंत्री राकेश यादव, मंडल अध्यक्ष करहीभदर धर्मेंद्र साहू, जिला पंचायत मनरेगा के सहायक परियोजना अधिकारी ओपी. साहू, जनपद पंचायत बालोद के सीईओ जेएस. राजपूत, कार्यक्रम अधिकारी, अन्य जनप्रतिनिधि, सरपंच ग्राम पंचायत मटिया बी, पिपरछेडी के सरपंच कृष्णा राम साहू, सचिव, रोजगार सहायक उपस्थित थे।

जनपद पंचायत सीईओ ने पीएमजी तथा जीबी जीरामजी के प्रावधानों की विशेषता प्रदाय करी साथ ही मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों का अवलोकन हेतु शासन स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार क्यू आर कोड के बारे में बताया, जिसमें विगत पिछले 3 वर्षों के समस्त कार्यों को स्कैन कर देखा जा सकता हैं। आवास के समस्त स्वीकृत कार्यों को नियमानुसार शत प्रतिशत मस्टर रोल जारी कर पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए।

साथ ही केंद्र सरकार की नवीन योजना विकसित भारत–ग्रामीणों के लिए रोजगार एवं आजीविका मिशन की गारंटी के संबंध में विस्तार से जानकारी साझा की गई, जिसमें आजीविका हेतु समूहो के महिलाओं की सहभागिता की विशेषता एवं मजदूर को वर्तमान में 100 दिवस के स्थान पर जीबी जीरामजी के तहत 125 दिनों की रोजगार गारंटी एवं मांग अनुरूप समय पर रोजगार उपलब्ध न होने पर बेरोजगारी भत्ता के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी साझा की।

इस रोजगार दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली कर नवीन योजना जीबी जीरामजी का व्यापक प्रचार प्रसार भी किया गया, जिसमें ग्रामीणो का जल संरक्षण का महत्व बताया गया।

## बालोद में टाइप-1 डायबिटीज पर एक दिनी उन्मुखीकरण कार्यशाला हुई

जिला स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ और एमसीसीआर ट्रस्ट की संयुक्त पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





बच्चों में बढ़ते टाइप–1 डायबिटीज (बाल मधुमेह) की समय पर पहचान, प्रभावी उपचार और सामुदायिक स्तर पर जागरूकता लाने के उद्देश्य से आज जिला स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ और एम.सी.सी.आर. ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों हेतु एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को बाल मधुमेह के प्रतिकूल प्रभावों के प्रति संवेदनशील बनाना है। सभी स्वास्थ्यकर्मियों को टाइप–1 डायबिटीज बाल–मधुमेह का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव और इसकी जल्द से जल्द पहचान, उसके अनुरूप इलाज और विभिन्न पहलुओं के बारे में तकनीकी जानकारी प्रदान करना था, जिससे वे अपने–अपने स्तर पर बेहतर सेवाएँ प्रदान कर सकें। इसके साथ ही मुख्य रूप से टाइप–1 डायबिटीज की पहचान, उपचार व प्रबंधन, काउंसलिंग, रोगी सहायता समूह की भूमिका, समुदाय आधारित जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य तथा पारिवारिक सहयोग जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने समूह गतिविधियों के माध्यम से अपने अनुभव साझा भी किए साथ ही टाइप–1 डायबिटीज से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस. ऊईके ने कार्यक्रम को बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम बताया गया है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण 12 और 13 फरवरी को जिला स्तर पर दो अन्य सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे जिले के सभी संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा सके।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### संत श्री रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई

**बालोद/निकुम।** ग्राम निकुम भाटापारा भवन में संत श्री रविदास की जयंती धूमधाम से बुधवार को मनाई। जिसमें अंचल के 15 गांव के महार समाज के सामाजिक बंधु आयोजन में शामिल होकर संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर्व पूजा अर्चना कर उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। ग्राम पंचायत निकुम की पूर्व सरपंच शारदा सिंह धुर्वे के द्वारा कहा गया कथन मन चंगा तो कठौती में गंगा सबसे ज्यादा प्रचलित है। जिसका अर्थ है कि अगर मन पवित्र है और जो अपना कार्य करते हुए, ईश्वर की भक्ति में तल्लीन रहते हैं उनके लिए उससे बढ़कर कोई तीर्थ नहीं है। इस अवसर पर उपसरपंच गोपेंद्र साहू सहित सामाजिक अध्यक्ष भूपेंद्र दीक्षित, श्याम लाल लहरें, उपाध्यक्ष खेमलाल लाल मीरझा, हिरामन लहरें, श्याम लाल लहरें, फिरंता शिवारे, थनवार शिवारे मोहित शिवार, अंबिका लहरे, रोशनी लहरे, गोदावरी, हेमलता मिर्जा, थनवार शिवारे, मोहित शिवार, पूर्व सरपंच शारदा सिंह धुर्वे, अंबिका लहरे, रोशनी लहरे, गोदावरी उपस्थित थे। शोभा यात्र कर संत जी के संदेश दिया। वही प्रसाद वितरण किया गया।

### मानसगान एवं व्याख्यान प्रतियोगिता 13 से फरवरी

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक के ग्राम चिचबोड़ मे नवयुवा लोक कल्याण समिति एवं समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से 3 दिवसीय भव्य संगीतमय मानसगान एवं व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 फरवरी तक संपन्न होगा। ग्रामीण ताम्रजध्वज साहू ने इस आयोजन मे अधिक अधिक लोगो क़ो शामिल होने का आग्रह किया है ।

### नेवारीकला में महाशिवरात्रि पर पांच दिनी संगीतमय शिव पुराण कथा 13 से

**बालोद।** ग्राम नेवारीकला में



महाशिवरात्रि के पावन पर्व में पांच दिवसीय संगीतमय शिव पुराण कथा का आयोजन बाजार चौक नेवारीकला में 13 फरवरी से 17 फरवरी तक किया गया है। जिसमे कथा वाचिका देवी गीतांजली शर्मा होगी। आयोजक दानीराम, धनेश्वरी सोनकर है। कथा में 13 फरवरी को कलश यात्र, वेदी पूजन, चंचुला बिन्दूक की कथा, महात्म कथा होगा। 14 फरवरी को आदि शिवलिंग पूजन विधि, नारद मोह कथा, कुबेर का पूर्ण चरित्र, अमर कथा होगा। 15 फरवरी को संध्या देवी की कथ, नंदीश्वर अवतार, बाणासुर कथा, शिव पार्वती विवाह होगा। 16 फरवरी को कार्तिकेय जन्म, तारकासुर वध, गणेश जन्म, जलंधर उद्धार, चढ़ौतरी, 17 फरवरी को द्वादश ज्योर्तिलिंग महात्मय, बेलपत्र का महात्म, बेलपत्र वर्शा, यज्ञ हवन, पूर्णाहूति, शोभायात्र निकाला जाएगा।

**आयोजन : कला केंद्र में तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर लिया आदर्शों पर चलने का संकल्प**

# समर्पण दिवस पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जिला मुख्यालय बालोद के हृदय स्थल कला केंद्र में एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रखर चिंतक एवं कुशल संगठनकर्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल स्वरूप प्रदान करते हुए देश को एकात्म मानववाद का दर्शन दिया।

■ समर्पण, सादगी और राष्ट्रहित के प्रतीक थे दीनदयाल उपाध्याय

वे समावेशी विचारधारा के समर्थक थे और एक सशक्त, आत्मनिर्भर भारत का सपना देखते थे। उन्होंने कहा कि उपाध्याय जी की कल्पना थी कि समाज का कोई भी व्यक्ति शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सम्मान जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। आज सरकार की अनेक योजनाएँ उनके इसी मार्गदर्शन पर आधारित हैं। समर्पण दिवस के मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने कहा कि राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ भारतीय जनता पाटएँ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा तक का सफर नेताओं के समर्पण और संघर्ष का परिणाम है। दीनदयाल जी ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। उनका एकात्म मानववाद समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान की प्रेरणा देता है। उनका संपूर्ण जीवन सादगी, समर्पण और राष्ट्रहित के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक रहा है। निवर्तमान जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि समर्पण दिवस हमें उस महामानव के जीवन और संघर्ष से सीखने का अवसर देता है, जिनका सपना अखंड भारत और विश्वगुरु भारत का था। आज भारत वैश्विक मंच पर अपनी साख निरंतर मजबूत कर रहा है। प्रातः 7 बजे कला केंद्र पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को आत्मसात करते हुए अंत्योदय के सिद्धांत को मूर्त रूप देने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने किया तथा आभार प्रदर्शन नगर पालिका परिषद बालोद के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी ने किया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिला महामंत्री सौरभ लुनिया, कोषाध्यक्ष हरीश कटझरे, उपाध्यक्ष टीनेश्वर बघेल, पवन सोनबरसा, कांति सोनेश्वरी, प्रवक्ता जितेंद्र साहू, मंत्री प्रेम साहू, निशा योगी, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, मनोहर नाहटा, गुलशन साहू, तोरण साहू, विवेक वैष्णव, आनंद शर्मा, रामेश्वर साहू, विनोद जैन, रविप्रकाश पांडेय, अकबर तिगाला, दानमल जैन, ताराचंद सांखला, संतोष कौशिक, पार्षद शेखर यादव, गोकुल ठाकुर, सुनीता मनहर, आशा पटेल, गोमती रात्रे, पुष्पा साहू, महेश पाठक, संजय साहू, सौरभ जैन, समीर खान, प्राची ललवानी, श्वेता परिहार, समर्थ लखानी, बंटी बाफना, कमल बजाज, आशु कौशिक, कमलेश गौतम, लक्ष्मी साहू,प्रितिबाला साहू, छवि सार्वा, प्रतिमा यादव,जनक चंद्राकर, टिकेंद्र साहू, संतोष साहू, देवेंद्र पटेल, बिल्ला मनहर, ईश्वर साहू, धनंजय साहू, अश्वनी साहू, मनीष माधवानी, दिनेश साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर भाजपाइयों ने माल्यार्पण कर किया याद

**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य भाजपा के प्रणेता व एकात्म मानव दर्शन के प्रतिपादक पं. दीनदयाल उपाध्याय की 68 वीं पुण्यतिथि पर भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने स्थानीय नया बसस्टैंड में स्थित उनके प्रतिमा पर राज्य पिछडा वर्ग आयोग पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में भाजपाइयों द्वारा श्रद्धा पूर्वक पुजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया इस अवसर पर जायसवाल ने कहा कि, पंडित जी ने भारत में जब एक ओर पूंजी वाद व दुसरे तरफ कम्युनिस्ट विचार धारा पनप रही थी तब नया विचार धारा का प्रादुर्भाव किया जिसे एकात्म मानव दर्शन के रुप में सम्पूर्ण भारत आज स्वीकार किया है क्योंकि यह विचार धारा भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, भारत के मूल्यों को प्रतिपादित करने वाली विचार धारा है जो अन्तिम पंक्ति पर खडे व्यक्ति के सम्पूर्ण विकास करने के लिए प्रेरित करता है इसी विचार धारा को आत्मसात कर भाजपा के देश व प्रदेश की सभी सरकारें अपनी सभी जनकल्याणकारी योजना को लागू कर रही है जिसके चलते भाजपा की सरकार लगातार बन रही है आज हमें दीनदयाल जी के बताये मार्ग पर चलकर मानव सेवा को ध्येय बनाना चाहिए, इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री दुष्यंत गिरी, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष संदीप लोढा, मंडल मंत्री धर्मेंद्र निषाद, धीरेंद्र टांक, जीवराखन कौमार्य,प्यारे निषाद, डोमेंद्र देशमुख,दिलीप बाफना,धीरज जैन, शिव भूयार्य, विश्वैशर विश्वकर्मा, सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

■ भाजपा सरकारें पं. दीनदयाल के विचारों पर चल रहीं : जायसवाल

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई



**गुण्डरदेही।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को गुण्डरदेही में समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने पंडित के योगदान को याद करते हुए कहा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रणेता, अंत्योदय और एकात्म मानववाद के महान चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी राष्ट्र निर्माण के मार्ग को प्रकाशित करते हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का उनका सपना ही हमारे कार्यों का मुख्य आधार है। श्रद्धांजलि सभा के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, महामंत्री अनूप देशमुख, पार्षद एवं महामंत्री शैल महोबिया, मंडल उपाध्यक्ष एवं पार्षद हरीश निषाद, सौरभ चोपड़ा, केशव साहू, शंकर यादव, लालवीर राजपूत उपस्थित रहे और सभी कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलने और उनके अंत्योदय के लक्ष्य को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## सेजस विद्यालय दुधली में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए दवाइयों का वितरण किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जिला बालोद द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत सेजस विद्यालय दुधली में प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव के निर्देशन में दवा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कुल 251 बच्चों को फाइलेरिया की रोकथाम हेतु टैबलेट प्रदान की गई। साथ ही क्रीमी नाशक दवा एल्बेंडाजोल का भी वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान एम.टी. धर्मिन देशमुख ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि फाइलेरिया रोग मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी से बचाव के लिए शासन द्वारा प्रदत्त दवा का सेवन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे स्वयं दवा ग्रहण करें तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। इस अभियान में मितानिन गोमती देशमुख, पूर्णिमा देशमुख एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नेमीन गंधर्व का विशेष सहयोग रहा। संस्था की ओर से मिलन सिन्हा ने स्वयं दवा का सेवन कर बच्चों को प्रेरित किया और संदेश दिया कि फाइलेरिया से मुक्ति के लिए सभी को दवा अवश्य लेनी चाहिए।

### देह व्यापार : दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**भिलाई।** होटल में देह व्यापार का कारोबार करने वाला संचालक और युवती को पुलिस ने पकड़ा है। दोनों को पकड़ने के लिए पुलिस ने पाइंटर भी बनाया था। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि पावर हाउस स्थित छाया इन लाज से संचालक छावनी निवासी घनेश रॉयऔर युवती सीता चौधरी को पकड़ा गया है। दोनों के पास से नगदी पांच सौ दो मोबाइल भी जब्त किया गया। होटल में लंबे समय से देह व्यापार का कारोबार चलने की शिकायत मिल रही थी। यहां दीगर राज्यों की युवतियां आकर रुकती थीं।

## कुम्हली में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं राष्ट्र जागरण कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



गायत्री परिवार कुम्हली द्वारा माताजी के जन्म शताब्दी 2026 एवं अखंड दीप के 100 वर्ष पूर्ण होने पर गायत्री परिवार हीरक मंडल मोहारा के अंतर्गत ग्राम कुम्हली में राष्ट्र जागरण एवं पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया था।

जिसके प्रवचन कर्ता शांतिकुंज प्रतिनिधि प्रज्ञा पुत्र आचार्य चम्पेश्वर प्रसाद साहू, लेख राम साहू, डॉ गोपाल साहू, डोमन साहू, अरुण कुमार साहू ने किया। प्रवचनकर्ता ने सभी संस्कारों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया और सभी जनों को गुरू बनाने की सलाह दिया। द्वितीय दिवस पर गायत्री यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार एवं संगीत प्रवचन एवं टोली की विदाई सम्मान कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर पुसंवन संस्कार, मुंडन संस्कार, दीक्षा संस्कार, नामकरण संस्कार निःशुल्क कराया गया।

द्वितीय दिवस पर अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, ब्लॉक समन्वयक चंद्रिका प्रसाद चंद्राकर, समन्वयक हीरक मंडल मोहारा यशवंत कुमार साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा कि हमें अपने जीवन में कोई ना कोई गुरु अवश्य बनाना चाहिए, तब हमारा मुक्ति संभव है, गायत्री मंत्र में बहुत बड़ी शक्ति है, जो व्यक्ति गायत्री मंत्र का जाप करता है, व्यक्ति जीवन में बहुत आगे बढ़ता है, सभी माता और बहनों से निवेदन किया कि अपने–अपने बच्चों को अच्छा शिक्षा और संस्कार दे और उनके भविष्य बनाएं और हमेशा यज्ञ कार्यक्रम में भाग ले।

इस अवसर पर मोहित कुमार साहू, भोजेश्वर साहू, सुनील साहू, पालूराम साहू, रामकृष्ण साहू, भेद प्रकाश साहू, रोशन साहू, पूनम चंद साहू, हिमांशी साहू, अश्वनी साहू, डिगेश्वर साहू, परमेश्वर साहू, चुम्मन लाल साहू, शतीश साहू, भोजेंद्र साहू, उमाकांत साहू, भोजेश्वर अठभैया, चित्रसेन साहू, टोपेंद्र साहू एवं ग्राम कुंडली के समस्त वरिष्ठ जन एवं माताएं उपस्थित थे। यह कार्यक्रम नवयुवा दुर्गा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी कुम्हली की सहयोग से हुआ। जिसमे ग्रामीण उपस्थित थे।

### मोहारा में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण की कथा हुई

**गुरूर।** गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में माताजी के जन्म शताब्दी 2026 एवं अखंड दीप के 100 वर्ष पूर्ण होने पर गायत्री परिवार हीरक मंडल मोहारा के अंतर्गत ग्राम मोहारा में श्री वेद माता गायत्री एवं गौरी शंकर महादेव स्थापना दिवस पर पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया था। जिसके प्रवचनकर्ता शांतिकुंज प्रतिनिधि प्रज्ञा पुत्र आचार्य चम्पेश्वर प्रसाद साहू, लेख राम साहू, डॉ गोपाल साहू, डोमन साहू, अरुण कुमार साहू ने किया। प्रवचनकर्ता ने सभी संस्कारों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया और सभी जनों को गुरू बनाने की सलाह दिया। प्रथम दिवस में भव्य शोभा कलश यात्रा का शुभारंभ गायत्री मंदिर से होते हुए स्कूल पारा और स्कूल से आवास पारा व पुरानी बस्ती होते हुए बड़े तालाब में पूजा के लिए गया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक गायत्री परिवार बालोद बीआर अटनागर, ब्लॉक समन्वयक गायत्री शक्तिपीठ गुरुर धनसिंग गंजीर, सभापति संचार संकर्म एवं निर्माण समिति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, समन्वयक हीरक मंडल मोहारा यशवंत कुमार साहू, सुखीत राम नायक, डॉ डीएल गंजीर के हाथों से दीप प्रज्वलित किया गया। धन सिंह गंजीर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उसके बाद यज्ञ आचार्य द्वारा प्रज्ञा पुराण कथा सुनाया गया। द्वितीय दिवस पर गायत्री यज्ञ के मुख्य यजमान डॉ हरीकृष्ण गंजीर, रेणुका गंजीर, पंकज सार्वा, खुशबू सार्वा, मोहन साहू, दामिनी साहू, जागेश्वर साहू, चित्रलेखा साहू, दुष्यंत कुमार साहू, केसरी साहू उपस्थित थे एवं विभिन्न संस्कार कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर पुसंवन संस्कार, मुंडन संस्कार, दीक्षा संस्कार, नामकरण संस्कार सभी को निःशुल्क कराया गया। इस अवसर पर डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा कि हमें अपने जीवन में कोई ना कोई गुरु अवश्य बनाना चाहिए, तब हमारा मुक्ति संभव है, गायत्री मंत्र में बहुत बड़ी शक्ति है, जो व्यक्ति गायत्री मंत्र का जाप करता है, व्यक्ति जीवन में बहुत आगे बढ़ता है सभी माता और बहनों से निवेदन किया कि अपने–अपने बच्चों को अच्छा शिक्षा और संस्कार दे और उनके भविष्य बनाएं और हमेशा यज्ञ कार्यक्रम मे भाग ले। इस अवसर पर भूषण लाल सार्वा, डॉ पवन गंजीर, शंकर लाल साहू, शालिक साहू, संतोष कुमार साहू, धनाराम साहू, पंचूराम निर्मलकर, दीपक साहू, चिंताराम साहू, जंगलुराम साहू, भूपेश कुमार साहू, दानवीर नायक, ढामेश्वर साहू, तिलक सिन्हा, रेणुका गंजीर, उषा गंजीर, राजकुमारी गंजीर, जोहनी साहू, जमुना बाई साहू, अस्मत नायक, सोनिया साहू, शकुन साहू एवं ग्रामवासी मोहारा की सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।





### भारतीय किसान संघ व गन्ना उत्पादक किसान संघ की संयुक्त बैठक आज

**बालोद/कलंगपुर।** भारतीय किसान संघ जिला बालोद एवं गन्ना उत्पादक किसान संघ जिला बालोद का बैठक संयुक्त रुप से गंगा मैया प्रांगण झलमला में 12 फरवरी गुरुवार को दोपहर 1 बजे रखा गया है। जिसमें जिला के सभी किसानों को बैठक में शामिल होकर अपने अपने विचार रखेंगे, जिससे भारतीय किसान संघ जिला बालोद किसानों के लिए और अच्छे से कार्य करने का प्रयास करेंगे। उक्त जानकारी सांवत राम साहू अध्यक्ष भारतीय किसान संघ जिला बालोद ने दी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**नशा मुक्त भारत और जल संरक्षण पर लगी विविध प्रदर्शनी**

## टटेंगा स्कूल में इको क्लब की प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की हरित चेतना झलकी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



पर्यावरण संरक्षण तथा विद्यार्थियों में हरियाली चेतना के विकास के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में गठित इको क्लब के तत्वावधान में वार्षिक जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में वर्ष भर आयोजित विभिन्न पर्यावरणीय गतिविधियों के फोटोग्राफ्स, पेपर कटिंग, तथा विभिन्न अवसरों पर हुई प्रतियोगिताओं की चित्रकलाओं का भव्य प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टूमन साहू, सभापति जनपद पंचायत डौंडीलोहारा व अध्यक्ष शाला विकास समिति रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य आर.के. देवांगन ने की। प्रदर्शनी में नशा मुक्त भारत, प्लास्टिक मुक्त भारत, सुरक्षित धरती–हरित धरती, स्वच्छ भारत, संरक्षित वन, एक पेड़ मां के नाम, वर्ल्ड एड्स डे, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित विद्यार्थियों की चित्रकलाएँ आकर्षण का केंद्र रहीं। मुख्य अतिथि टूमन साहू ने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन केवल प्रदर्शनी नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में प्रकृति संरक्षण, जागरूकता और 'मिशन लाइफ' के अंतर्गत टिकाऊ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देने का सार्थक प्रयास है। वहीं प्राचार्य आर.के. देवांगन ने कहा कि इको क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति के निकट लाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का यह एक प्रभावी मंच है। उन्होंने इको क्लब प्रभारी अजय पाठक एवं सहयोगी हेपशीबा एंथोनी के वर्षभर के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए इको क्लब प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने कहा कि हमारा उद्देश्य अपनी धरती को स्वच्छ, हरा-भरा और सुरक्षित बनाना है, ताकि भविष्य में जल संकट जैसी समस्याओं से बचा जा सके। आभार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने ऊर्जा संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।

क्लब के संचालन में व्याख्याता पवन सिन्हा एवं पीटीआई रीना बोरकर का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी.एल. देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू सहित इको क्लब के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।



23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411